तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025

10 कोंडागांव में पैरालीगल वालिंटियर्स को मिला एक ...

10 पार्टी पिछड़ा वर्ग समाज के सामाजिक, आर्थिक...







## खबर संक्षेप

### हिरण मारने के मामले में 2 और आरोपी पकड़े गए



**जगदलपुर।** वन्यप्राणियों के अवैध शिकार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दो दिन पूर्व कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में 2 शिकारियों को पकड़ा गया था। आज फिर दो पकड़ाए हैं इस तरह सभी 4 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि एसडीओ, रेंजर एवं मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे गांवों में प्रचार-प्रसार करें।

### 6 वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा के परिणाम किए गए घोषित

**जगदलपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना यथा संशोधित-2021 के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा वर्ष 2025-26 के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी अपने परिणाम जगदलपुर के कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास शाखा कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते हैं। यदि किसी भी परीक्षार्थी को परिणाम से संबंधित कोई आपत्ति है तो वे 28 जुलाई तक कार्यालयीन समय में अपनी दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

### कौशल तिहार का आयोजन किया जाएगा आज

**जगदलपुर।** बुधवार को जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता कौशल तिहार का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप होंगे। विशिष्ट अतिथि के सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विनायक गोयल, लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी उपस्थित रहेंगे।

### विरोध प्रदर्शन: आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की जनता के संसाधनों की लूट का प्रतिकार : बैज

# कांग्रेसियों ने किया राष्ट्रीय राजमार्ग आमागुड़ा चौक में नाकेबंदी- चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरूपयोग और कांग्रेस नेताओं एवं उनके रिश्तेदारों को टारगेट कर प्रताड़ित किए जाने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेसियों ने एनएच 30 स्थित आमागुड़ा चौक में आर्थिक नाकाबंदी करते हुए चक्काजाम कर दिया। इस दौरान हाईवे में वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क पर बैठकर हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

■ जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों को बचाने की जरुरत : बघेल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पूरे प्रदेश में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जगह जगह आर्थिक नाकेबंदी और चक्काजाम किया गया। जिससे परिवहन व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। शहर में दीपक बैज मौजूद रहे। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार के दबाव में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं पर की जा रही बदले की भावना व द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में चक्काजाम किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने नेशनल हाईवे को पूरी तरह ▶▶| शेष पेज 10 पर



### आगे भी जारी रहेगा हमारा संघर्ष

दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार एक व्यक्ति की गोद में बैठ गई है। पूंजीपत्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ के नागरिकों को जख्मी कर रही है। विरोध करने वालों के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी, एसीबी, ईओडब्ल्यू और स्थानीय पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही है। लोकतंत्र में मिले आंदोलन के अधिकार को खत्म कर रही है, तानाशाही स्थापित कर रही है। लेकिन कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता डरेंगे नहीं। प्रदेश की समृद्धि, संस्कृति और संसाधनों को बचाने के लिए डटकर मुकाबला करेंगे। आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की खनिज संपदा को बचाने की मुहिम है और हमारा संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

### विपक्ष की आवाज दबा रही भाजपा- बघेल

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि प्रदेश के जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों को बचाने यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाने और अपने उद्योगपति मित्रों को छत्तीसगढ़ के बहुमूल्य संसाधन सौंपने के विरोध में छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी अडानी भगाओ, छत्तीसगढ़ बचाओ अभियान के तहत आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्का जाम किया गया है। कांग्रेस इसके खिलाफ हर मोर्चे पर आवाज बुलंद करेगी और प्रदेश की संपदा को यहां की जनता के हित में सुरक्षित रखेगी इस आंदोलन ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भी व्यापक समर्थन पाया और कार्यकतार्ओं ने एकजुट होकर लोकतंत्र और न्याय की रक्षा के संकल्प को दोहराया है।

# वन अपराधों को रोकने हो रहे प्रयास : डीएफओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने वन अपराधों की रोकथाम रोकने, वन राजस्व के संयुक्त सर्वेक्षण और विभागीय कार्यों में परिक्षेत्र अधिकारियों की समीक्षा बैठक लिया गया। इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य वन विभाग के कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करना और वन संसाधनों का संरक्षण करना है। वन अपराधों की रोकथाम के लिए, विभाग ने वन सुरक्षा समितियों का गठन किया है और ग्रामीणों को वन सुरक्षा के कार्यों में शामिल किया है। विभाग ने वनों की सुरक्षा के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है, कर्मचारियों की क्षमता विकास पर ध्यान दिया है और अग्नि सुरक्षा को सुदृढ़ किया है। वन विभाग ने संयुक्त वन प्रबंधन की रणनीति के तहत ग्रामीणों की भागीदारी प्राप्त करने के प्रयास किए हैं। वन राजस्व के संयुक्त सर्वेक्षण का उद्देश्य वनों से संबंधित राजस्व गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना और राजस्व संग्रह में पारदर्शिता लाना है। यह सर्वेक्षण वन भूमि, वन उपज और अन्य वन-संबंधी राजस्व स्त्रोतों की सटीक जानकारी प्रदान करता है। संयुक्त सर्वेक्षण से वन विभाग को राजस्व संग्रह में सुधार करने और वन संसाधनों के प्रबंधन में अधिक प्रभावी होने में मदद मिलती है। वन विभाग ने वन संरक्षण अधिनियम, 1980 और वन अधिकार अधिनियम, 2006 जैसे कानूनों को लागू किया है, जो वनों के संरक्षण और वनवासियों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। विभाग ने वनों में जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रयास किए हैं। वन विभाग का लक्ष्य वनों का सतत विकास करना और स्थानीय समुदायों की जरूरतों को पूरा करना है।

■ वन राजस्व के संयुक्त सर्वेक्षण, विभागीय कार्यों की ली समीक्षा बैठक

***बैठक में शामिल हुए अधिकारी***-*समीक्षा बैठक में एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे, परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह वर्मा, प्रकाश सिंह ठाकुर, सूर्य प्रकाश ध्रुव सहित अधिकारी शामिल रहे।*

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी 27 को

**जगदलपुर।** व्यापम द्वारा 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा होगी। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक शहर के 29 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा को नोडल अधिकारी और प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव को समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय सिंह ठाकुर को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 5 पदों पर होगी भर्ती

**जगदलपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय जगदलपुर (शहरी) द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पालना के साथ ही सहायिकाओं के रिक्त 5 पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र आगामी 2 अगस्त तक किए जा सकते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण तथा आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

# स्कूल जतन योजना में ठेकेदार व एजेंसी ने छोड़ दिया काम, होगी एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में ठीक काम नहीं करने वाले ठेकेदारों तथा एजेंसी को 15 दिन में काम को सुधारने का अवसर दिया गया। काम में सुधार नहीं करने की स्थिति में संबंधितों के खिलाफ एफआईआर करवाने की कार्रवाई किया जाएगा। शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों से जाति-निवास और आय प्रमाण पत्र के निर्माण की स्थिति का चर्चा किए। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस की गतिविधि को नियमित संचालित करें, ताकि विभागीय फाइलों का संचालन सुविधाजनक हो। साथ ही सभी विभाग के अधिकारी ई-आफिस का नियमित उपयोग करते रहें। कलेक्टर हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने लंबित सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन सहित अन्य डैशबोर्ड के प्रकरणों पर चर्चा किए साथ ही आमचो बस्तर एप में प्राप्त शिकायत और माँग का निराकरण समय पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### अफसर रात्रिकालीन प्रसव का निरीक्षण करें

*कलेक्टर ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र में सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने अनुभाग क्षेत्र में रात्रिकालीन संस्थागत प्रसव का निरीक्षण करें। उन्होंने टीकाकरण के कार्य में वृद्धि करने के निर्देश दिए। सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार के लक्ष्य के आधार पर जागरूकता बढ़ाकर जांच व उपचार करवाएं। राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत निक्षय मित्र के राशि का फुड बास्केट तैयार करने पर चर्चा किए। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।*

# खिलाड़ी अपने श्रेष्ठतम प्रदर्शन से करें क्षेत्र और प्रदेश का नाम रौशन : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




विधायक किरण देव ने कहा कि खिलाड़ी अपने श्रेष्ठतम प्रदर्शन से न केवल अपने विद्यालय और क्षेत्र, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रौशन करें। बस्तर जैसे आदिवासी और दूरस्थ अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें सही मार्गदर्शन, संसाधन और मंच देने की। देश में 1960 में शुरू हुए सुब्रतो कप जैसे स्पर्धाएं खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को शालेय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती है। विधायक ने मंगलवार को पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा शुभारंभ किया।

■ सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ

विधायक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। यदि खिलाड़ी खेलभावना के साथ पूरे समर्पण के साथ खेलेंगे तो निश्चित ही आने वाले समय में देश के लिए भी खेल सकते हैं। महापौर संजय पाण्डे ने खिलाड़ियों से कहा कि हर प्रतियोगिता में जीत-हार अवश्यंभावी है, लेकिन खेलभावना के साथ अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन का अलग महत्व है और यही एक खिलाड़ी की विशिष्ट पहचान है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कारपोरेशन श्रीनिवास राव मद्दी ने खिलाड़ियों को दक्षता के साथ प्रतिभा दिखाने की अपनी शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों को सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा के सुचारू रूप से आयोजन सुनिश्चित करने कहा। वहीं नागरिकों एवं खेलप्रेमियों से स्पर्धा के दौरान उपस्थित रहकर इन खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किए जाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि इस चार दिवसीय 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा के आयोजन में प्रदेश के पांच जोन बस्तर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा के 240 खिलाड़ी तथा 50 खेल प्रशिक्षक एवं टीम मैनेजर शामिल हो रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 15 एवं 17 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग के खिलाड़ी तथा 17 वर्ष उम्र समूह बालिका वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो रहे हैं। इस स्पर्धा के विजयी टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक किरण देव ने स्पर्धा के विधिवत उदघाटन की घोषणा की। वहीं राष्ट्रीय खिलाड़ी अमृता पोड़ियामी ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ स्पर्धा में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई। आरंभ में आयोजकों सहित खिलाड़ियों के द्वारा अतिथियों को बैज ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक अब 30 को

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत कोंडागांव के सामान्य सभा की बैठक 23 जुलाई दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्धारित था, जिसे संशोधित करते हुए 30 जुलाई को किया गया। उक्त बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

### पोस्टमैट्रिक छात्रावास की छात्रा हुई गर्भवती

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भोपालपट्नम तहसील मुख्यालय स्थित पोस्टमैट्रिक छात्रावास की 12वीं कक्षा की छात्रा के गर्भवती होने का मामला सामने आया है। इससे जिले में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार भोपालपट्नम से लगभग 15 किलोमीटर दूर के एक गांव की छात्रा भोपालपट्नम के आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रही है। 11वीं पास के बाद वह 12वीं कक्षा में पढ़ रही है। बीईओ पी विनय कुमार ने बताया कि अधीक्षिका से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल में वह अपने गांव चली गई थी। कुछ दिन पहले आई थी। आश्रम आने के बाद वह बीमार हो गई। सांस फूलने से उसे अस्पताल ले जाया गया। फिर जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया । जांच परीक्षण के बाद 3 माह की गर्भवती होना पाया गया। उसके मां बाप को बुलाकर छात्रा को सौंप दिया गया है। छात्रा ने बताया है कि उसके गांव के एक लड़के से प्रेम प्रसंग के चलते वह गर्भवती हुई है। इस संबंध में मद्देड़ के एसडीओपी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जिसकी पड़ताल की जा रही है।

### घोठा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम घोठा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत कर उन्हें शैक्षणिक जीवन की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी गईं। अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उनके उज्वल भविष्य की कुंजी है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, पूर्व सरपंच रामप्रसाद कावड़े, गीते पटेल, शिशुपाल पटेल सहित गाँव के अन्य प्रमुख जन प्रतिनिधि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हाई स्कूल एवं माध्यमिक शाला के शिक्षकगण भी शामिल हुए।

### देवर ने नशे में भाभी से मांगे पैसे, नहीं मिलने पर पीटा

**कांकेर।** रात को शराब के नशे में युवक घर पहुंचा और भाभी से पैसा मांगने लगा। जब भाभी ने पैसा देने से इंकार कर दिया तो उसे गाली देते हुए मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे पटेलपारा सिरसिदा निवासी 28 वर्षीय तेजराम साहू पिता ऐशुराम साहू ने पुलिस को बताया कि 21 जुलाई को रात साढ़े 10 बजे मेरा छोटा भाई 22 वर्षीय अजय कुमार साहू पिता ऐशु राम साहू शराब के नशे में घर आया और मेरी पत्नी गामिनी साहू से पैसा मांग रहा था। पत्नी ने देवर को बोला कि पैसा नहीं है।

# कोंडागांव में कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## कोंडागांव कलेक्टर ने केशकाल और बड़ेराजपुर के ग्रामीणों से की सीधी बात

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

राज्य शासन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, कोंडागांव जिला प्रशासन जनदर्शन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। इस पहल को और अधिक प्रभावी तथा सुलभ बनाने के उद्देश्य से, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल और बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं। इस पहल से दूरस्थ अंचलों के निवासियों को जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत हुई। कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल जनदर्शन में उपस्थित आम नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। इनमें प्रमुख रूप से ग्राम सालेभाट की अंजू नेताम ग्राम सभा की बैठक के लिए शेड निर्माण की मांग, ग्राम सालेभाट के सोहनलाल अधिक बिजली बिल की शिकायत, ग्राम निराछिंदली के लक्ष्मण सिंह गावड़े सड़क निर्माण की मांग, ग्राम टेंवसा निवासी सोनसिंह शोरीरू वन अधिकार पत्र की मांग।



### साप्ताहिक जनदर्शन में प्राप्त आवेदन और निर्देश

इसी प्रकार, कलेक्टर ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में भी आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आज कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न मांगें और समस्याएँ शामिल थीं। ग्राम बांसगांव निवासी बजूराम नेतामरू बांसगांव में नवीन उप–स्वास्थ्य केंद्र की मांग, इस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया, ग्राम बांसगांव के ग्रामीण नवीन हायर सेकेंडरी विद्यालय की मांग, कोंडागांव निवासी सुखदेव सिंह बस्सनरू एनएच 30 पर लाइट और सड़क मरम्मत की मांग, ग्राम कचोरा निवासी पीलसाय पोयामरू गांव में सोलर पावर प्लांट स्ट्रीट लाइट की मांग, मत्स्य पालन हेतु तालाब लीज पर देने की मांग, वन अधिकार पत्र से संबंधित मामले, मोबाइल टावर की आवश्यकता, और कई राजस्व प्रकरण। यह पहल जिला प्रशासन द्वारा जनता की समस्याओं को समझने और उनका प्रभावी ढंग से समाधान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आयोजन : कार्यशाला में लीगल क्लीनिक और थाना स्तर के वालिंटियर्स शामिल

# कोंडागांव में पैरालीगल वालिंटियर्स को मिला एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, गायत्री साय की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कोंडागांव और नारायणपुर जिलों के समस्त थाना और लीगल एड क्लीनिक में पदस्थ पैरालीगल वालिंटियर्स ने भाग लिया।

- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया मार्गदर्शन

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पैरालीगल वालिंटियर्स को विधिक सहायता, जनजागरूकता, मध्यस्थता, बाल एवं महिला अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों का संरक्षण, मानव तस्करी रोकथाम, और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित करना था। साथ ही, नालसा और सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विधिक सेवाओं की पहुंच और न्याय तक सबकी समान पहुंच सुनिश्चित करते हुए ग्रामीण एवं आंतरिक स्तरों पर प्रचार–प्रसार कर लोगों की सहायता करना भी इसका लक्ष्य रहा।



**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर प्रतिधारक अधिवक्ता और मेडिएटर अधिवक्ता सुरेंद्र भट्ट ने भी मध्यस्थता की जानकारी देते हुए इसे आम नागरिकों तक अधिक से अधिक प्रचार करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में समस्त पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का आह्वान

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल ने अधिकार मित्रें को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पैरालीगल वालिंटियर्स समाज के उन अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में सेतु का कार्य करते हैं, जिन्हें विधिक जानकारी या सहायता की आवश्यकता होती है। यह कार्य सेवा और समर्पण का परिचायक है। उन्होंने समाज के वंचित, निर्धन और हाशिए पर स्थित लोगों तक निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने के लिए जोर दिया।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

सचिव गायत्री साय ने भी अपने–अपने कार्य क्षेत्रें में विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से व्यापक रूप से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नालसा और सालसा की समस्त योजनाओं से आमजनों को लाभ दिलाने में मदद करने तथा 13 सितंबर 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार करने का निर्देश दिया। विशेष दिवसों पर स्कूलों, सामुदायिक स्तरों, ग्राम पंचायतों और हाट बाजारों में भी अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने के लिए समस्त पैरालीगल वालिंटियर्स को निर्देशित किया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे।

# देखरेख के अभाव में नगर का कांजी हाउस हो रहा खंडहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

बारिश का मौसम शुरू होते ही तमाम सड़कों पर आवारा मवेशियों की भरमार के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। बाजार वाले क्षेत्रों के साथ साथ मेन रोड में इन मवेशियों के कारण यातायात व्यवस्था काफी प्रभावित होने लगी है। इसे देखते हुए कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जिले के नगर पालिका, नगर पंचायत के सीमा क्षेत्र की सड़कों पर आवारा घूम रहे मवेशियों के गले में चमकीला रेडियम लगाने के साथ आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए गाए है। उन्होंने कहा है कि उच्च न्यायालय का आदेश है कि सड़कों को मवेशियों से मुक्त रखा जाए। साथ ही आवारा मवेशियों को रखने के लिए कांजी हाउस को दुरुस्त करने का निर्देश जारी हुआ है। यहां चारे और पानी की समुचित व्यवस्था करने कहा गया है। लेकिन नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 09 में स्थित कांजी हाउस देख रेख के अभाव में खंडर में तब्दील हो रहा है। कांजी हाउस के सामने का दीवार टूट गई है, दरवाजा गायब है ,यही नहीं कांजी हाउस के अन्दर मिट्टी का ढेर पड़ा हुआ है, कांजी हाउस के अन्दर में बड़े बड़े पेड़ पौधे उग गए है। अब ऐसे में नगर पंचायत द्वारा नगर आवारा मवेशियों पकड़ लेगे तो उन्हें कहा रखेंगे। हालांकि इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसन्तवानी से फोन में माध्यम से पूछने पर उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए नगर पंचायत फरसगांव द्वारा मुनादी कर मवेशी मालिकों को अपने मवेशियों को संभालकर रखने कहा गया है यदि कोई भी मवेशी आवारा घूमते पाए जाने पर उनके मालिकों पर जुर्माना की कार्रवाई की जायेगी। वहीं नगर पंचायत फरसगांव में अंतर्गत पासंगी में एक गौठान और एक कांजी हाउस है। जिसमें आवारा मवेशियों को रखने की व्यवस्था है। वहीं नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 09 में भी एक कांजी हाउस है। मैं कल ही जाकर उस जगह को देखकर समुचित व्यवस्था करने की कोशिश करूंगा । ताकि आवारा मवेशियों को रखने में कोई परेशानी न हो ।

- कांजी हाउस की टूटी है दीवार, दरवाजा गायब और उग आए हैं पेड़

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने आईएफसी क्लस्टर पर हुई कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

जिला पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में दिनांक 17 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आईएफसी क्लस्टर कार्यशाला सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में और विनय सिंह, जिला मिशन प्रबंधक बिहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

- जिले की आजीविका गतिविधियों से जुड़ेंगे 4 हजार 400 परिवार

इस कार्यशाला में जिले के सभी जनपदों के विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक एवं नव नियुक्त आईएफसी एंकर उपस्थित रहे। बैठक में आईएफसी क्लस्टर की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए संबंधित ग्राम पंचायतों में चल रही आजीविका गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत कुल 4400 परिवारों को आईएफसी क्लस्टर योजना से जोड़ा जाएगा। इनमें शामिल बड़ेराजपुर विकासखण्ड के 600 परिवार ग्राम पंचायत परोदा, मैनपुर, चिचाड़ी, कौंदकेरा आदि और केशकाल विकासखण्ड के 900 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत बहीगांव, अड़ेगा, सिकागांव और कोण्डागांव विकासखण्ड के 1000 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत उमरगांव, दहिकोंगा, बाखरा और माकड़ी विकासखण्ड के 1000 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत बेलोंडी, अनतपुर, शामपुर, वहीं फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत जिसमें ग्राम पंचायत लंजोड़ा, सिरपुर, हाटचपई आदि गांव के 900 परिवारों को शामिल किया जाएगा। इन गांवों में सब्जी उत्पादन, मक्का उत्पादन, पोल्ट्री समेत विभिन्न कृषि आधारित आजीविका गतिविधियाँ संचालित की जाएगी।



### प्रत्येक क्लस्टर में लाईवलीहुड सर्विस सेंटर की स्थापना

इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों की आय में वृद्धि करना है। इसके लिए उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी चिखलपुटी, मांझीगढ़ महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी विश्रामपुरी के सहखाद, बीज और आवश्यक कृषि सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक क्लस्टर में लाईवलीहुड सर्विस सेंटर की स्थापना कर गांव स्तर पर समन्वित रूप से कार्य करने की रणनीति बनाई गई है। इसके माध्यम से महिला समूहों को लखपति दीदी के रूप में उभरने के लिए विशेष मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार

कार्यशाला में अधिकारियों ने अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार कर मिशन के अनुसार कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में मिशन प्रबंधक द्वारा सभी प्रबंधकों और एंकरों से अपेक्षा जताई गई कि वे समर्पण भाव से ग्रामीण आजीविका को मजबूत करें।

# पार्टी पिछड़ा वर्ग समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए संकल्पबद्धः लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

आगामी 29 जुलाई 2025 को कांकेर में आयोजित होने वाले बस्तर संभाग स्तरीय पिछड़ा वर्ग सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आज भाजपा जिला कार्यालय कोंडागांव में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री लता उसेंडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पिछड़ा वर्ग समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने सम्मेलन को जनजागरण का सशक्त माध्यम बताते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, जातीय जनगणना में पिछड़ा वर्ग को उनका हक दिलाने एवं सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बैठक में टिकेश्वर जैन ने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जिसने पिछड़ा वर्ग को एक मजबूत मंच प्रदान किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांकेर सम्मेलन, समाज की एकता, जागरूकता और संगठन शक्ति का प्रतीक बनेगा। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री ओ.पी. चौधरी, पूर्व मंत्री केदार कश्यप एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती किरण देव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।



- कोंडागांव में हुई भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक
- कांकेर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

***सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद-*** *इस बैठक में बस्तर संभाग कार्यक्रम प्रभारी हेमराज सोनी, जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, आकाश मेहता, मनोज साहू, चंदन साहू, नरपति पटेल, बालकुंवर प्रधान, दयाराम पटेल, विभिन्न मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, सहित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ, प्रचार–प्रसार एवं अधिक से अधिक सहभागिता को लेकर रणनीतियाँ तैयार की गईं। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सम्मेलन को सफल और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।*

## योजनाओं की प्रगति पर कलेक्टर ने जताई गहरी चिंता

# खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए, किसानों की जरुरत प्राथमिकता में: नूपुर पन्ना

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज साप्ताहिक समय सीमा में जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा की और कहा कि किसानों को पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध हो। साथ ही शासन की महती योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता के साथ करने और पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में विकासखंडवार राशन वितरण की जानकारी की और शेष राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश खाद्य अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रगति की जानकारी ली और आवास निर्माण में आ रही दिक्कतों का निराकरण करने और प्रगति लाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सभी मरम्मत कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। साथ ही श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि श्रमिकों की पंजीयन में प्रगति लाएं, मृत्यु एवं दिव्यांग स्थिति में शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान में तेजी लाने को कहा। वाटर शेड के कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यों को पूरा करने हेतु निर्देशित किया।

- वाटरशेड की धीमी प्रगति पर नाराजगी स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी



***अधिकारीगण रहे उपस्थित-*** *बैठक में इसके अलावा अस्पताल भवन निर्माण कार्य, पुल पुलिया निर्माण, आंगनबाड़ी भवन के विद्युतीकरण कार्य, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए भवन निर्माण कार्य, बायपास मार्ग में विद्युतीकरण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

## पेज 9 के शेष

### कांग्रेसियों ने किया...

ब्लॉक कर दिया। जिससे माल एवं यात्री परिवहन सेवा पूरी तरह प्रभावित रही। इस दौरान कांग्रेसी मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। श्री बैज ने कहा कि एक व्यक्ति छत्तीसगढ़ की संपदा को लूट रहा है। इसका विरोध करने वालों के यहां ईडी की छापेमारी हो रही। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी अडानी और भाजपा की साजिश है। आर्थिक नाकेबंदी कर भाजपा सरकार के संरक्षण में यहां की खनिज संपदा को लूटा जा रहा है उसके विरोध में आर्थिक नाकाबंदी कर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया गया। उन्होंने लोगों से कहा कि दादागिरी के खिलाफ खड़े हों। प्रदेश को मुक्त कराने कांग्रेस की लड़ाई में सहभागी बनें। प्रदर्शन के दौरान बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतीन जायसवाल समेत शहर व ग्रामीण काग्रेंस पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### स्कूल जतन योजना...

प्राथमिकता के आधार पर प्रतिदिन और गुणवत्तायुक्त करें। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना की विकास कार्यो की प्रगति, नए स्वीकृत आवास की स्थिति, आजीविका मिशन के तहत इंटरप्राईजेस फाइनेंस पर ब्लॉक वाईस प्रोग्रेस का समीक्षा किए बैंकों मे ऋण के जमा प्रकरणों को सेक्शन और डिसबर्समेंट का संज्ञान लिया। उन्होंने मनरेगा के तहत जनपद पंचायतवार आंगनबाडी भवन निर्माण, पीडीएस दुकान निमार्ण कार्यो की समीक्षा करते हुए भौतिक प्रगति की निर्धाणाधीन पीडीएस भवन को दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए । इसके अलावा जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत स्वीकृत देवगुड़ी निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 पुराने कार्यो और अन्य विकास कार्यो को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित केंद्रीय पेंशनर स्कीम का सत्यापन जल्द पूर्ण करवाने के लिए सभी जनपद के सीईओ को निर्देशित किए । बैठक में खाद्यान्न भण्डारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए धान का उठाव का संज्ञान लिया। जिले में बनाए गए राशन कार्ड, प्रचलित राशन कार्डो में जोड़े गए सदस्य, निरस्त सदस्यों की संख्यात्मक जानकारी पर चर्चा किए जनपद स्तर पर निरस्त सदस्यों की जानकारी ली। किसानों का एग्री स्टैक में पंजीयन की स्थिति का जायजा लेकर कहा कि दिन से अधिक दिनों तक केसीसी के प्रकरण बैंक में जमा होने की जानकारी दें ताकि उस बैंक के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्राचार किया जा सके। विकासखंडवार बीज वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सहकारी समिति से धान, कोदो, रागी , उड़द, मिलेटस का उठाव किसानों से करवाने के लिए प्रेरित करें।

### खिलाड़ी अपने श्रेष्ठतम...

लगााकर आत्मीय स्वागत किया गया।

**ये रहे मौजूद-** इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंण्डावी, नगरपालिक निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवागंन सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, गणमान्य नागरिक और संचालक लोक शिक्षण के प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा राकेश पाण्डे तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रधानचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत मे जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता रैंकिंग में बारसूर का देश में 21वां स्थान व जीएफसी में मिला 1 स्टार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम



नगर पंचायत बारसूर से मिली जानकारी अनुसार पूर्व वर्ष में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 20,000 से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय रैंकिंग में नगर पंचायत बारसूर को 470 वाँ स्थान प्राप्त हुआ था। इस क्रम में नगर पंचायत बारसूर द्वारा अपनी रैंकिंग को बेहतर करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 21वां स्थान प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 20,000 से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय रैंकिंग में नगर पंचायत बारसूर को 21वीं स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें मुख्य रूप से स्वच्छता सूचकांक के तहत घर-घर जाकर कचरा संग्रहण स्त्रोत, पृथक्कीकरण अपशिष्ट उत्पादन का प्रसंस्करण, आवासीय क्षेत्रों की सफाई, बाजार क्षेत्रों की सफाई, जल निकायों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, सार्वजनिक क्षेत्रों की सफाई जैसे कार्य आदि शामिल है। इसके अलावा नगर पंचायत को जीएफसी सर्वेक्षण की कैटगरी में 1 स्टार का दर्जा एवं ओडीएफ की कैटेगरी में भी इस साल ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा प्राप्त हुआ है। इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा समस्त नागरिकों को स्वच्छता में सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए अपील किया है कि, अपने घरों आवासीय क्षेत्रों, संस्थानों, होटलों आदि स्थानों से निकलने वाले कचरे में से गीले सूखे कचरे को अलग-अलग कर स्वच्छता दीदियों को देवें एवं खुले स्थानों, तालाबों, सार्वजनिक क्षेत्रों में कचरे को ना फेंके, इसके अलावा पॉलीथिन का उपयोग न करने, खुले में कचरा न जलाने के साथ ही खुले में शौच न करने की बात भी कहीं गई। ताकि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पंचायत बारसूर को उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त हो सके।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने घुमन्तु पशुओं में रेडियम पट्टी एवं टैग लगाने की गई पहल

कार्यालय नगर पंचायत बारसूर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार अक्सर अंधेरे में पशु सड़क के बीचो-बीच बैठे रहते है और दूर से दिखाई न देने के कारण तेज रफ्तार वाहनों से उनकी टक्कर हो जाती है। जिससे न केवल गंभीर हादसे होते है बल्कि पशुओं की जान भी चली जाती है। सड़कों पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नगर पंचायत बारसूर द्वारा सड़को पर घूम रहे आवारा पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वाहन चालकों को संभावित हादसों से बचाने के लिए उन पर रेडियम पट्टी और रेडियम टैग लगाए जा रहे है। रेडियम की चमक से ये पशु दूर से ही नजर आ जाएंगे, जिससे वाहन चालक समय रहते ही अपने वाहन की गति पर नियंत्रण कर सकेंगे। यह कदम रात के अंधेरे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, श्री गिरीश तिवारी ने स्थानीय पशु पालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को घर पर बाँधकर रखे, खुले स्थानों व सड़कों पर न छोड़े। जिससे आवारा पशुओं से होने वाले दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## खबर संक्षेप

### समय पर टीकाकरण करवाने की दी सलाह

**घाटलोहंगा।** बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत कोलचूर सेक्टर के कुदालगांव उप स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में दो आंगनबाड़ी केंद्र में प्रोटीन टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र खासपारा एवं आंगनबाड़ी केंद्र बाऊस प्लाट पारा में शिविर में बच्चों और गर्भवती महिलाओं का नियमित टीकाकरण व स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने सभी लाभार्थियों को समय पर टीकाकरण करवाने और स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य कर्मी प्रेम पांडे, नेहा कश्यप, गोपिका पानीग्राही आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता शक्ति तिवारी, अनुराधा गोलिवार, आंगनवाड़ी सहाईका गर्भवती माताएं उपस्थिति थे।

### जर्जर सरकारी भवनों को किया गया ध्वस्त



**दरभा।** कलेक्टर हरीश एस ने विगत दिवस दरभा ब्लॉक में निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत के आसपास जर्जर सरकारी भवनों की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने एसडीएम शंकरलाल सिन्हा को निर्देश दिए कि ब्लॉक में कोई भी सरकारी जर्जर भवन एवं अन्य भवन क्षतिग्रस्त जर्जर नहीं हो। इस हेतु तत्काल कार्रवाई करें और दो दिवस में गिराने की कार्यवाही करे। निर्देश की तत्काल पश्चात ब्लॉक की सभी जर्जर भवन एवं अन्य भवन को गिराने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर की गई। एसडीएम के द्वारा अनेक जर्जर भवनों को जो की चिन्हित किए गए थे। उनको गिराने की कार्रवाई की जा रही है। ताकि आने वाले समय में इस जनपद कार्यालय के समक्ष वाहन पार्किंग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अतिरिक्त कार्यालय बनाया जा सके।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय भोगाम में स्मार्ट क्लास शुरू

**दंतेवाड़ा।** विकासखंड दंतेवाड़ा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोगाम में स्मार्ट क्लास का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस स्मार्ट क्लास की स्थापना में एचडीएफसी बैंक का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। विद्यालय के छात्रों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें पढ़ाई में अधिक रुचि आने लगी है क्योंकि स्मार्ट क्लास के माध्यम से वे वीडियो और डिजिटल सामग्री की सहायता से विषयों को बेहतर ढंग से समझ पा रहे हैं। शिक्षकों का भी मानना है कि इस आधुनिक तकनीक से न केवल पढ़ाई आसान हो गई है, बल्कि छात्रों की सहभागिता और समझने की क्षमता में भी वृद्धि हुई है। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने एचडीएफसी बैंक के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की पहले जारी रहेगी, जिससे आदिवासी अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर किया जा सके।

### उपाध्यक्ष ने स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**बस्तर।** बस्तर विधानसभा के अंतर्गत बकावंड ब्लॉक के ग्राम तोंगकोंगेरा व खोटलापाल के स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र व स्वास्थ्य केंद्र का जनपद उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के अध्यक्ष तरुण पांडे ने निरीक्षण किया। सर्वप्रथम प्राथमिक व माध्यमिक शाला खोटलापाल के शिक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण में बच्चों से चर्चा की साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। ग्राम तोंगकोगेरा में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों से पढ़ाई को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही शिक्षा समिति के बैठक में शामिल हुए और शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं को अवगत करवाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के तहत रंग रोगन व स्कूल भवन जर्जर मरम्मत करने का था। मरम्मत ना करके रंग रंगरोगन ही किया गया जिसके कारण स्कूल भवन बारिश में रिसाव होने से समस्या बच्चों को हो रही है।

# विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर ने किया पौधा का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ 8 अगस्त तक होगा निशुल्क पौधा वितरण

जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत आज से निःशुल्क फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम जिला कार्यालय में प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 22 जुलाई से 8 अगस्त तक जिले भर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आमजन को अमरूद, आंवला, नींबू, कटहल और काजू जैसे फलदार पौधे वितरित किए गए। पौधा वितरण कार्यक्रम में जनसामान्य की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना एवं लोगों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य करेगा, बल्कि इससे आम नागरिकों को आर्थिक लाभ भी होगा, क्योंकि फलदार वृक्ष भविष्य में आय का स्त्रोत बन सकते हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पौधे लेकर उन्हें अपने घर, खेत या आस-पास के स्थानों पर लगाएं और पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना योगदान दें। इस मौके पर उद्यान विभाग क्व सहायक संचालक मीना मड़ावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बालिकाओं को उच्च शिक्षा व सुरक्षित आवासीय सुविधा की सौगात



**बीजापुर।** दक्षिण बस्तर के सुदूर अंचल बीजापुर में बालिकाओं की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं छात्रावास का शुभारंभ कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा किया गया। यह महाविद्यालय पूर्व में शासकीय शहीद वेंकटराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में संचालित था, जिसे अब स्वतंत्र भवन एवं छात्रावास के साथ प्रारंभ किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह साहू ने कॉलेज की प्रगति व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक आयुक्त देवेन्द्र सिंह, मंडल संयोजक विष्णु दुर्गम, छात्रावास अधीक्षिका माधुरी साहू, सहायक प्राध्यापक ललित ठाकुर, कृष्ण अंगनपल्ली, लाइब्रेरियन सुश्री प्रभा मांझी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय एवं वीर नागुल दोरला महाविद्यालय से भी प्राध्यापक व कर्मचारी समारोह में शामिल हुए। यह महाविद्यालय जिले की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करने वाला एकमात्र संस्थान है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र की बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

# जेल की सुरक्षा व्यवस्था व कैदियों की सुविधाओं पर दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ जिला जेल दंतेवाड़ा का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आज जिला जेल दंतेवाड़ा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, जेल अधीक्षक अलोइश कुजूर उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने सर्वप्रथम जिले के सभी बंदी बैरकों का निरीक्षण करते हुए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, के संबंध में दिशा निर्देश दिए। और जिला जेल में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कहा। इस क्रम में उन्होंने बंदियों से प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं जैसे दैनिक भोजन व्यवस्था, वस्त्रादि, स्वास्थ्य परीक्षण, विधिक सहायता की जानकारी ली। ज्ञात हो कि जिला जेल में वर्तमान में 6 कैदी 182 सामान्य हवालाती एवं 307 नक्सली बंदीकृत है। इसके साथ ही उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के कौशल विकास हेतु चलाये जा रहे कम्प्यूटर प्रशिक्षण स्कूल साक्षरता कक्षा, पुस्तकालय, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, एवं स्वास्थ्य परीक्षण कक्ष का अवलोकन करते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कैदियों को मिलने वाले भोजन का अवलोकन करते हुए बंदियों के स्वास्थ्य पर चर्चा कर आवश्यक्तानुसार दवाइयां उपलब्ध कराने को कहा।

## जपं सदस्य ने उपलब्ध करवाया पानी टैंकर...



**दरभा।** ग्राम पंचायत मावलीपदर में सोमवार को दरभा जनपद अध्यक्ष मानकदई एवं उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप कि उपस्थिति में दरभा जनपद पंचायत सदस्य गागरा राम नाग ने अपने जनपद क्षेत्र कोदाभाटा, टोपर में जनपद पंचायत निधि से पानी टैंकर दिया। ग्रामीण लंबे समय से पानी टैंकर की मांग कर रहे थे। शादी-ब्याह सहित अन्य कार्यक्रम के दौरान पानी की जरूरत के चलते लोग परेशान थे। टैंकर मिलने से सहूलियत होगी। नाग ने कहा भाजपा सरकार और हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्रामवासी को मूलभूत सुविधाएं मिलें। पानी टैंकर की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही थी। ग्रामीणों की आवश्यकता के अनुरूप पानी टैंकर दिया गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच, ग्राम प्रमुख, गांव की महिलाएं, पुरुष और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में 100 प्रतिशत सीटों का आवंटन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा को प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए शत-प्रतिशत सीटें आवंटित की गईं। सीजीडीटीई रायपुर द्वारा प्रथम वर्ष प्रवेश कार्यक्रम निर्धारित किया गया। प्रवेश के तीन चरणों में संस्थान को इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल शाखा में सभी सीटें आवंटित कर दी गई थीं। इस तरह संस्थान ने एक बार फिर पिछले वर्षों से सभी सीटें भरने का इतिहास दोहराया।

बस्तर क्षेत्र के छात्रों ने एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा को अपनी पहली पसंद के रूप में चुना है। न केवल छात्र बल्कि माता-पिता ने भी अपने बच्चों को प्रवेश देने के लिए संस्थान पर भरोसा किया है। संस्थान द्वारा समय-समय पर बच्चों के प्रति प्रतिबद्धता का वादा किया गया था। इन प्रतिबद्धताओं को संस्थान द्वारा पूरा किया गया चाहे वह प्लेसमेंट, प्रशिक्षण, शैक्षणिक, खेल आदि हो। इन्हीं कारणों से अभिभावकों ने संस्थान में रुचि दिखाई और अपने बच्चों को दाखिला दिलाया। प्रबंधन और संस्थान पर दिखाया गया विश्वास पिछले वर्षों में उनके द्वारा दिखाए गए प्रदर्शन का परिणाम है। संस्थान के प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य और स्टाफ को बधाई दी है। उन्होंने माता-पिता को उनके विश्वास के लिए भी धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी तरह के प्रयास जारी रखने का वादा किया।

## जिले में अब तक 314.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 673.0 मिलीमीटर, कोंटा तहसील में 370.6 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 301.1 मिमी, तोंगपाल में 242.6 मिमी, जगरगुंडा में 236.2 मिमी, छिन्दगढ़ में 217.1 मिमी और गादीरास में 146.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 314.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1772.2 मिमी औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 22 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा सुकमा तहसील में 48.5 मिमी, कोन्टा तहसील में 24.0 मिमी, जगरगुंडा तहसील में 13.2 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 12.4 मिमी, छिंदगढ़ तहसील में 8.3 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 5.7 मिमी दर्ज और दोरनापाल तहसील में 1.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में आज कुल 16.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

## बाल कैबिनेट का गठन, विक्रम बने प्रधानमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

छात्रों में जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता विकसित करने शासकीय कन्या माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम कोण्टा में बाल कैबिनेट का गठन विधिवत चुनाव द्वारा किया गया। जिसमें विक्रम गायन कक्षा 8वीं प्रधानमंत्री के लिए निर्वाचित हुए। प्रभारी प्रधान अध्यापक सच्चावती नाग ने शपथ दिलाकर सभी को अवगत कराया कि माध्यमिक स्तर में बाल कैबिनेट चाइल्ड कैबिनेट इको क्लब तैयार किया गया है। क्लब का उद्देश्य है बच्चों में रचनात्मक कौशल एवं कल्पनाशीलता का विकास, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण व बेहतर उपयोग के लिए जागरुकता एवं विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग करना है। सभी का दायित्व है अपने साथी छात्रों के साथ मिलकर स्कूल को सुघ्घर स्कूल बनाना है। शाला प्रबंधन विकास समिति की अध्यक्ष जी. आदिलक्ष्मी ने बैच लगाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा कि, पढ़ाई के साथ शुरू से ही कुछ जिम्मेदारी देते हुए उनके अंदर रचनात्मक कौशल विकास करने और अपने जिम्मेदारियों को कैसे पूरा करना है, यह सिखाना बहुत जरूरी है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

TEAM CREATIVE

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

एनएमडीसी लिमिटेड
बैलाडिला लौह अयस्क खान बचेली कॉम्प्लेक्स
पोस्टः बचेली, जिलाः दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

**बीएससी नर्सिंग कोर्स हेतु ऑनलाइन प्रवेश सूचना- 2025**
**(केवल अजजा छात्राओं हेतु)**

एनएमडीसी के नैगमिक सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत बस्तर क्षेत्र के इच्छुक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासी **(अजजा)** छात्राओं को अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, किम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, तथा यशोदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद में बीएससी (B.Sc) नर्सिंग (04 वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यून्तम 17 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष से कम उम्र की आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों में कुल 110 सीटें है, चयनित छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी ।

**योग्यताः**

**बीएससी (नर्सिंग):**

1. 12वीं में विज्ञान विषयों में (भौतिक, रसायन एवं बायोलॉजी) कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा संपूर्ण विषयों में कुल योग 45 प्रतिशत होना अनिवार्य है।
2. अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. **बीएससी नर्सिंग में प्रवेश हेतु आवेदिकाओं का नीट (NEET) 2025 की शैक्षणिक वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।**

- अभ्यर्थियों को बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, कोंडागांव, बीजापुर एवं नारायणपुर जिले का निवासी होना अनिवार्य है।
- परिवार की कुल वार्षिक आय रू. 72,000/- से अधिक न हो (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र 01 वर्ष (24.07.2024) से अधिक पुराना न हो)।
- यह योजना केवल (अजजा) छात्राओं के लिए मान्य है।

**आवेदन प्रक्रियाः**

1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों को ऑनलाइन मोड में ही आवेदन करना होगा।
2. अभ्यर्थियों को एनएमडीसी की वेबसाइट **https://www.nmdc.co.in/careers** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है (लिंक वेबसाइट के करियर पेज पर उपलब्ध है)। लिंक 24.07.2025 को प्रातः 09:00 बजे से 07.08.2025 को शाम 05:00 बजे तक आवेदन कर सकेंगे।
3. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी आवश्यक विवरण भरने एवं उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन के दौरान निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन्ड प्रति अपलोड करना अनिवार्य**

1. 10वीं की अंक सूची
2. 12वीं की अंक सूची
3. नीट (NEET) 2025 स्कोर कार्ड
4. जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जनजाति - ST, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
5. आय प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, 24.07.2024 से अधिक पुराना न हो)
6. निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
7. आधार कार्ड या राशन कार्ड
8. पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो
9. हस्ताक्षर (Signature)

**चयन प्रक्रियाः**

- अभ्यर्थीयों का **चयन मेरिट के आधार पर** की जाएगी।
- मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन **दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षण** के उपरांत किया जाएगा।

**संपर्क सहायताः ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबर/ ईमेल पर संपर्क करें: हेल्पलाइनः 7044599061 ईमेलः nmdcnisp18@gmail.com**

**महत्वपूर्ण टीपः** 1. एनएमडीसी परियोजनाओं के आस-पास के क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी तथा योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।
2. चयनित अभ्यर्थियों को उल्लेखित नर्सिंग कॉलेजों का आंबटन प्रबंधन द्वारा किया जाएगा।

**वास्ते**
**सीएसआर विभाग**
**एनएमडीसी, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स**

न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

// उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र./202505150100002/72/अ-21 (2)/2024-25
साकिन-जगदलपुर देहात

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक (विक्रेता) के. सत्यनारायण प्रसाद पिता के.एस. राम चन्द्र राव जाति ब्राम्हण उम्र 73 वर्ष, निवासी आश्रम रोड धरमपुरा, जगदलपुर, तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम जगदलपुर देहात, प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 78/36 रकबा 0.0150 हे. या परिवर्तित क्षेत्रफल 1650 वर्गफुट भूमि को (क्रेतागण) 1. श्रीमती शोभा जैन पति श्री राजकुमार जैन, उम्र 67 वर्ष, जाति जैन, 2. श्रीमती शिल्पा जैन पति श्री मनीष जैन उम्र 44 वर्ष, जाति जैन, 3. कुमारी मंशा जैन पिता मनीष जैन, उम्र 20 वर्ष, जाति जैन सभी निवासी मोतीलाल नेहरू वार्ड नयापारा जगदलपुर, तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर जिला बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जगदलपुर जिला बस्तर के माध्यम से जांच हेतु मूल प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 06-08-2025 तक दावा या आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार
जगदलपुर

न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

// उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र./202505150100001/71/अ-21 (2)/2024-25
साकिन-जगदलपुर देहात

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदकगण (विक्रेतागण) 1. के. सत्यनारायण प्रसाद पिता के.एस. राम चन्द्र राव जाति ब्राम्हण उम्र 73 वर्ष, निवासी आश्रम रोड धरमपुरा, जगदलपुर, तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) 2. के. शेषगिरी राव पिता के. एस. राम चन्द्र राव उम्र 71 वर्ष, जाति ब्राम्हण निवासी ग्रिन पार्क तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 3. के. रामकृष्ण शास्त्री पिता के.एस. राम चन्द्र राव उम्र 64 वर्ष, जाति ब्राम्हण, निवासी मोती लाल नेहरू नगर भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 4. के. वेंकटरमन मूर्ति पिता के. एस. राम चन्द्र राव उम्र 61 वर्ष, जाति ब्राम्हण, निवासी सिंधिया नगर दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) की ओर से आम मुख्त्यार के. सत्यनारायण प्रसाद पिता के.एस. राम चन्द्र राव के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम जगदलपुर देहात, प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 76/4 रकबा 0.0610 हे. या परिवर्तित क्षेत्रफल 6534 वर्गफुट भूमि को (क्रेतागण) 1. श्रीमती शोभा जैन पति श्री राजकुमार जैन, उम्र 67 वर्ष, जाति जैन, 2. श्रीमती शिल्पा जैन पति श्री मनीष जैन उम्र 44 वर्ष, जाति जैन, 3. कुमारी मंशा जैन पिता मनीष जैन, उम्र 20 वर्ष, जाति जैन सभी निवासी मोतीलाल नेहरू वार्ड नयापारा जगदलपुर, तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर जिला बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जगदलपुर जिला बस्तर के माध्यम से जांच हेतु मूल प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 06-08-2025 तक दावा या आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार
जगदलपुर

।। शपथपत्र ।।

टेवन कुमार आत्मज भावसिंह उम्र 39 वर्ष, जाति - तेली (साहू) निवासी- सोनी गली, लोकमान्य तिलक वार्ड जगदलपुर, जिला- जगदलपुर (छ.ग.) ..... शपथकर्ता

मै शपथकर्ता निम्न कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं :-

1. कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार शपथपत्र के शीर्ष में दर्शित पते के अनुसार है।
2. कि, मेरा विवाह दिनांक 28.01.2012 को श्रीमती सुनीता साहू से हिन्दू प्रथा अनुसार एवं सामाजिक रीति-रिवाज से हुआ था, हमारे दाम्पत्य जीवन से दिनांक 08.07.2021 को पुत्र का जन्म हुआ।
3. कि, मेरे पुत्र का नाम सुयश साहू आत्मज टेवन कुमार निवासी-लोकमान्य तिलक वार्ड, जगदलपुर (छ.ग.) रखा गया था तथा आधारकार्ड में उक्त नाम व पता अंकित किया गया।
4. कि, मेरे पुत्र का नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में छत्तीसगढ शासन योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग संचालनालय नगर निगम राजनांदगांव (छ. ग) द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जिसमें मेरे पुत्र का नाम कविश साहू अंकित है।
5. कि, मै अपने पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार, जन्म प्रमाण पत्र में अंकित नाम कविश साहू समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय अभिलेखों एवं आधारकार्ड में अंकित कराना चाहता हूँ, जिस हेतु आधारकार्ड सेंटर में नाम अंकित कराये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया वहां पर मुझको गजट में प्रकाशन हेतु मौखिक निर्देश दिया गया था, इस कारण मेरे पुत्र के नाम को संशोधित किये जाने हेतु यह शपथपत्र श्रीमान के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

जगदलपुर (छ.ग.)
दिनांक 21/07/2025

शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार फ्रेजरपुर जिला बस्तर छ.ग.

// उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र./202503150100023/58/अ-21 (2)/2024-25
साकिन- अघनपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (विक्रेता) एम. जगदीश्वर राव पिता गणेश बाबू गांधी, उम्र 64 वर्ष, जाति जालारी, निवासी पटेलपारा उसूर तहसील बीजापुर, जिला बीजापुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम अघनपुर, प.ह.नं. 14, रा.नि.मं. जगदलपुर तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 25/58 रकबा 0.0120 हे. या परिवर्तित क्षेत्रफल 1292 वर्गफुट भूमि को (क्रेता) सैय्यद फहीम अली पिता सैय्यद असगर अली, उम्र 30 वर्ष, जाति मुसलमान, निवासी 13/133 सैय्यद अकबर अली गली नापतोल ऑफिस के बाजू, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर मूल प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जगदलपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के आगामी पेशी तिथि 01-08-2025 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
फ्रेजरपुर-जिला बस्तर

**खबर संक्षेप**

## डीएवी में हुई पाठ्यक्रम गतिविधियां



**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल आड़ावाल में शनिवार को सह पाठ्यक्रम गतिविधियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़ और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन प्रमुख रूप से किया गया। जिसमें चारों हाउस (रेड, ग्रीन, येलो, ब्लू) के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को प्रस्तुत किया। कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर सुंदर और उपयोगी वस्तुएं तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं नृत्य प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में उमंग भर दिए, जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शैलेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ।

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का जमीनी स्तर पर व्यापक क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके तहत पात्र हितग्राहियों को शासन के योजनाओं से जोड़ने, महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत गांवो का सर्वे सैचुरेशन शिविर के माध्यम से हुई प्रगति की समीक्षा करते हुऐ ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उनके आवश्यक दस्तावेज बनाने को कहा गया। सुदूर क्षेत्रों में बिजली, पानी, राशन दुकान, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन सहित निर्माणधीन अद्योसंरचना की जानकारी ली। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आत्मसमर्पित नक्सलियो के पुनर्वास एवं शासन के योजनाओं से जोड़ने पर बल देते हुऐ उनके लिए पुनर्वास नीति के तहत की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। वहीं असाक्षर नक्सलियों के लिए चलाए जा रहे नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम एवं उनके कौशल विकास कर आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, समस्त अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

# शुद्ध पेयजल के उपयोग सहित जल जनित बीमारियों से बचाव संबंधी दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण इलाकों में जल जनित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं उपचार के लिए जनजागरूकता निर्मित करने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति सजगता बरतने सहित शुद्ध पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने और बुखार-मलेरिया या उल्टी-दस्त से पीड़ति होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच एवं उपचार करवाने की समझाइश दी जा रही है। इसके साथ ही जल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन एवं अन्य जल स्त्रोतों को ब्लीचिंग पावडर से अनिवार्य रूप से शुद्धिकरण करवाने अवगत कराया जा रहा है। वहीं जल संरक्षण की दिशा में जल स्त्रोतों के समीप सोख्ता पिट निर्मित करने की समझाइश ग्रामीणों को दी जा रही है।

इसी कड़ी में ग्राम उलनार में ग्रामीणों को जल जनित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं उपचार के लिए जनजागरूकता सम्बन्धी जानकारी दी गई। वहीं जल संरक्षण एवं परीक्षण संबंधी जानकारी देने सहित जल परीक्षण करने हेतु किट का भी वितरण किया गया। इस दौरान सम्बंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका तथा महिला स्व सहायता समूहों की महिलाएं व जल वाहिनी की सदस्यों एवं स्कूली बच्चों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान




#### जल परीक्षण करने किट का वितरण

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड एचएस मरकाम ने इस बारे में बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में जाकर डायरिया से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। साथ ही जल संरक्षण एवं परीक्षण संबंधी जानकारी दी जा रही है और जल परीक्षण करने हेतु किट का भी वितरण किया जा रहा है। किट के माध्यम से पानी की शुद्धता का जांच अपने स्थान पर रहकर ही किया जा सकता है तथा गंदे पानी के उपयोग से बचा जा सकता है। इसके साथ ही लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं वातावरण की स्वच्छता का महत्व भी समझाया जा रहा है ताकि प्रत्येक व्यक्ति अन्य बीमारियों के साथ ही साथ डायरिया से भी अपना बचाव कर सकें।

### प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने संगठन पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की ली बैठक

# राष्ट्र सेवा व जन सेवा भाजपा का मूलमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जिला कार्यालय में जिला व मण्डल के पदाधिकारियों एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की र् बैठक ली । संगठन की सशक्त बनाने के साथ साथ केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करते हुये अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाने निरंतर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा केन्द्र सहित प्रदेश में सरकार है। पंचायत व नगरीय निकाय में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि है। क्षेत्र के विकास व जनहित के कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने योजनाबद्ध रूप से सभी कार्य करें। जनता के मध्य पहुँच कर उनसे सीधा संवाद स्थापित करते हुये उनकी समस्याओं का निदान करने समस्त कार्यकर्ता प्रयास करें। अनेकोनेक जनकल्याण कारी योजनायें है, जिनका लाभ सीधे जनता को मिले, इसके लिये सक्रियता से कार्य हो।

देव ने कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि भाजपा का चेहरा है। जनसेवा व राष्ट्र सेवा भाजपा का मूलमंत्र है। जिसे साकार रूप देने सभी का सहयोग लेते हुये परिश्रम करना है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भाजपा की रीति नीति को आगे बढ़ाने व कार्यरूप देने की सभी से अपेक्षा की। संचालन नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन रजनीश पाणिग्रही ने किया। इस अवसर पर बेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, बलदेव मण्डावी, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, पुरूषोत्तम जोशी, प्रवीण सांखला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन से वंचित शिक्षक संवर्ग ने वन मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बस्तर।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में पुरानी पेंशन से वंचित 1998 99 संवर्ग को छग सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत सकल लाभ दिलाने के लिए शासन को आदेश जारी करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। चर्चा में अवगत कराया गया कि हमारी नियुक्ति 2004 के पूर्व पेंशन योग्य नियमित पदों पर एक निश्चित वेतनमान में की गयी है। 2004 के पूर्व सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का सकल लाभ दिया जा रहा है सिर्फ 1998 99 संवर्ग शिक्षको को वंचित कर रखा गया है और ये भी अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ शासन को भी अवगत कराया गया है। उन्होंने भी आश्वस्त किया है जिस पर उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से इस समबन्ध मे चर्चा करूंगा और वित्त सचिव से भी इस संबंध में चर्चा कर आप लोगों को अवगत कराऊंगा।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाने आदिवासी समाज की बैठक

**भोपालपटनम।** बीजापुर स्थित गोंडवाना भवन में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस को हर्षोल्लास पूर्वक मनाए जाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जग्गूराम तेलामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी समाज प्रमुखों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

बैठक में पिछले वर्ष के विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। तत्कालीन आयोजन समिति ने बीते वर्ष के कार्यक्रम से जुड़े व्यय का पूरा ब्यौरा भी समाज प्रमुखों के समक्ष प्रस्तुत किया। समाज प्रमुखों ने बताया कि इस साल रक्षाबंधन का त्यौहार होने के कारण आम सभा के कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किए जाने की चर्चा हुई। हालांकि, आम रैली और सामूहिक नृत्य जैसे पारंपरिक कार्यक्रम पहले की तरह ही आयोजित करने पर सर्वसम्मति बनी है। यह निर्णय आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने और पर्व को भव्यता से मनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समाज प्रमुखों ने जानकारी दी कि आगामी 24 जुलाई को दोपहर 2:30 बजे विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति 2025 के गठन को लेकर एक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अगले वर्ष के आयोजन की रूपरेखा भी तय की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया, जिनमें हल्बा समाज के बीआर साहनी, मुरिया समाज के तेलम पाण्डुराम, उरांव समाज के पीआर भगत, कंवर समाज के कमलेश पैंकरा, गोंडवाना समन्वय समिति के अमित कोरसा, गोंड समाज के कामेश्वर दूब्बा, कुडुक उरांव समाज के जूलियस तिर्की सहित बीएल पुजारी, पाकलू तेलाम, सतीश मंडावी और अन्य समाज प्रमुख शामिल थे।

# ईडी के दुरुपयोग पर कांग्रेस ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम




■ भाजपा सरकार और ईडी की कांग्रेस नेताओं पर कार्यवाही लोकतंत्र पर हमला : विधायक

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने मंगलवार को केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा प्रवर्तन निदेशालय ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। बीजापुर के राष्ट्रीय राजमार्ग भोपालपटनम पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी और चक्का जाम कर ईडी की कार्यवाहियों को लोकतंत्र के खिलाफ करार दिया। मानवीय संवेदना का ध्यान रखते हुए प्रदर्शनकारियों ने एम्बुलेंस और स्कूल बसों को आवागमन की छूट दी।

कांग्रेस नेताओं ने जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर ईडी के माध्यम से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दबाव और द्वेषपूर्ण कार्रवाई का गंभीर आरोप लगाया। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने संबोधन में कहा भाजपा की डबल इंजन सरकार जिस तरह ईडी का दुरुपयोग अपने राजनीतिक हितों के लिए कर रही है, वह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला है। ये कार्रवाइयां न केवल कांग्रेस नेताओं को निशाना बना रही हैं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर कर रही हैं।

उन्होंने आगे कहा भाजपा ने अपनी मोदी की गारंटी के तहत किए गए चुनावी वादों को पूरा नहीं किया। इसके बजाय, प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद से बहुमूल्य खनिज संसाधनों और जल, जंगल, जमीन को कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के हवाले करने का काम किया जा रहा है।

प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य बसंत राव ताटी, बेहनूर रावतिया, आर. वेणुगोपाल, सुखदेव नाग, लच्चू मौर्य, जयकुमार नायर, कामेश्वर गौतम वल्वा मद्दनैया, सुनील उद्दे, रमेश पामभोई, रमेश यालम, मंगल राना, चापा सुरेन्द्र, सुरेश सोढी, मिच्चा मुतैया, सरिता चापा सहित कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## बस्तर में विद्युत व्यवस्था होगी बेहतर, लाइट बंद की असुविधा से मिलेगी निजात : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ 286 करोड़ की लागत से हो रही उपकेन्द्रों की स्थापना



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव की पहल पर बस्तर में 286 करोड़ की लागत से सीएसपीटीसीएल के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर विधुत व्यवस्था के लिए उपकेन्द्रो की स्थापना किया जायेगा। जिसके लिए शासन से स्वीकृति प्राप्त हो गयी है । बस्तर को हर क्षेत्र में विकसित बनाने के उद्देश्य से विधायक लगातार प्रयासरत हैं। जिसका क्षेत्र में व्यापक परिणाम मिल रहा है। इसी कड़ी में बस्तर में विधुत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार से 286 करोड़ रुपए की राशि उपकेन्द्र के स्थापना के लिए स्वीकृत हुआ है। विधायक ने उपकेंद्र निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बस्तर में विद्युत व्यवस्था को जनता के मांग के अनुरूप बेहतर करने के उद्देश्य से 400केवी उपकेन्द्र, 400/220 केवी ट्रासफॉर्मर ,220/132/33 केवी जगदलपुर उपकेन्द्र, कलचा नगरनार एवं कोड़ेनार 132/33 केवी उपकेन्द्र की स्थापना होगी। देव ने बताया बस्तर में विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य है। इसके स्थापना होने से बस्तर संभाग में सतत रूप से विद्युत प्रवाह होंगा। हमारे क्षेत्र के जनमानस को उपकेंद्र के स्थापना से अब समस्या उत्पन्न नहीं होंगी। हमारी सरकार बस्तर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, एवं मूलभूत सुविधा देने के लिए सतत कार्य कर रही है। जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस कार्ययोजना के साथ क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत जारी है।

# आकाशीय बिजली गिरने से तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



■ डायल 112 की मदद से घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल

जिले में बीते सोमवार को हुई तेज गरज चमक के साथ बारिश के दौरान दो अलग -अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरी है।आकाशीय बिजली गिरने की वजह से खेत में काम रहे 3 ग्रामीण घायल हो गए है। घायल ग्रामीणों को बेहतर ईलाज के लिए डायल 112 की टीम की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते कल बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमलनार निवासी नारायन उम्र 28 बारिश होने के दौरान खेत में ट्रैक्टर लेकर जोताई कर रहा था।घटना की सूचना बकावंड बायसन डायल 112 की टीम को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई।

वहीं दूसरा मामला भानपुरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुरिया निवासी मोहनबती (17) और उसकी नानी फगनी बघेल (60) खेत में काम करने गए हुए थे। परिजन को जानकारी मिलने पर तत्काल घर लाये और घटना की सूचना मिलते ही बस्तर बायसन डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद तुरंत ही घायलों को बेहतर ईलाज के लिए भानपुरी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों का उपचार जारी है। इस दौरान डायल 112 के बस्तर बायसन से आरक्षक कमल कुमारी नाग व चालक कुलधर ठाकुर एवं बकावंड बायसन के प्रधान आरक्षक सुखलाल गोयल व चालक डालम बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बंगलाडोंगरी व चालानगुड़ा में मना स्वास्थ्य पोषण दिवस



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के सेक्टर कोलावल एवं जैबेल के चालानगुड़ा पारा सतोषा में ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस मनाया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुमारी हेमलता कथ्यप एवं एएनएम श्रीमती देवकी जोशी द्वारा गर्भवती माताओं की जांच एवं बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान औचक निरीक्षण में बकावंड के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा वर्तमान में स्टॉप डायरिया केंपेन एवं मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित गर्भवती माताओं को पहले माह मे पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया एवं टीकाकरण के फायदे बताए। वहीं गंभीर कुपोषित बच्चों को बकावंड के पोषण पुर्नवास केन्द्र में भेजने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानीन को प्रेरित किया। गर्भवती माताओं को फालिक एसिड की दवा प्रथम तीन माह तक लेने के फायदे बताये एवं चौथे माह से आयरन फोलिक एसिड एवं कैल्सियम दवा लेने हेतु प्रेरित किया। टीकाकरण के दौरान चार संदेश अवश्य प्रत्येक हितग्राहियों को बताने हेतु निर्देशित किया वही मारीगुड़ा आश्रम 50 सिटर के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. सुलेखा कंवर एवं डॉ. नैतिक मंडावी द्वारा किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट गंगाधर पात्रो, एएनएम पर्यवेक्षक दिनेश पराते शामिल हुए, यह कार्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के दिशा निर्देश पर किया गया।

# संकल्प पत्र में किया वादा निभाया : बाफना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ रेडी टू ईट का कार्य महिलाओं को सौंपने के निर्णय पर बाफना ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

प्रदेश सरकार ने नारी सशक्तिकरण के हित में पूरक पोषण आहार निर्माण का कार्य पुनः महिला स्व सहायता समूहों को सौंपने के लिए गए निर्णय पर पूर्व विधायक संतोष बाफना ने इस मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

जारी बयान में उन्होंने कहा कि 2009 से लगभग 25 हजार से अधिक स्व सहायता समूह की महिलाएं रेडी टू ईट से जुड़ी हुई थीं उन्हें इसका लाभ मिलता था। महिलाएं जो स्वाभिमान के साथ अपने पैरों पर खड़ीं थीं, परंतु राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद तत्कालीन कॉग्रेस की सरकार ने उन सभी को बेरोजगार करते हुए उनके हांथ से काम छीनकर निजी ठेकेदारों को सौंप दिया। विपक्ष में रहते हुए उस दौरान भाजपा ने कॉग्रेस सरकार के इस महिला विरोधी फैसले का पुरजोर विरोध किया और कई बार कॉग्रेस की सरकार को कठघरे में खड़ा करने का काम किया। वहीं 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में समूह की महिलाओं से वादा किया था कि भाजपा की सरकार आने के बाद रेडी टू ईट का काम सौंपा जायेगा।



उन्होंने कहा हाल ही में आरंभिक परियोजना के तहत प्रथम चरण में रेडी टू ईट का कार्य पुनः समूह की महिलाओं को सौंपने मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 6 जिलों को चिन्हांकित किया है जिसमें रायगढ़ जिले से इस परियोजना की शुरूआत कर 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र वितरित किये गये हैं। बाफना ने मुख्यमंत्री को पत्राचार कर चिन्हांकित 6 जिलों के साथ बस्तर संभाग के सभी जिलों को भी इस आरंभिक परियोजना में शामिल करने की बात कही है। बस्तर संभाग में स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं भी कार्य वापस मिलने के इंतजार में हैं।

इन महिलाओं ने रेडी टू ईट निर्माण हेतु लाखों रुपए खर्च कर यूनिट लगाए थे जो तत्कालीन कॉग्रेस सरकार के महिला विरोधी फैसले के बाद से बेकार पड़े हुए हैं। समूह की महिलाओं पर बैंकों में लाखों रुपए का लोन बकाया है और आरंभिक परियोजना में बस्तर संभाग के जिलों के शामिल नहीं होने से यहां की महिलाएं काफी चिंतित हैं।

#### प्रधानमंत्री का लक्ष्य होगा पूरा

पूर्व विधायक ने बताया है कि हर साल स्व सहायता समूह एवं आंगनबाड़ी से जुड़ी अनेकों बहनें मुझे राखी बांधती हैं और एक भाई होने के नाते मेरा यह कर्तव्य है कि उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुँचाऊं। ताकि बस्तर संभाग के सभी जिलों को भी इस आरंभिक परियोजना में शामिल कर यहॉ की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आदिवासी अंचल बस्तर की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।


online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

राशि: स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411